JALAUN POLICE

दिनांक- 22.03.2026

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय फेज का किया गया शुभारंभ।

पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर मिशन शक्ति अभियान के तहत स्कूटी दस्ता को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।

मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार आज दिनांक 22.03.2026 को पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 फेज II का शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को सशक्त व जागरूक बनाने तथा विभिन्न महिला संबंधी हेल्पलाइन नंबरों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु महिला स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर पुलिस लाइन उरई से रवाना किया गया। पुलिस लाइन उरई से कालपी चौराहा, अम्बेडकर चौराहा से होते हुए कोतवाली उरई से घण्टाघर से पीली कोठी, जेल रोड से होते हुए पुलिस लाइन उरई में समाप्त की गयी।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएँ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, परंतु उन्हें और अधिक स्वावलम्बी बनाने के लिए उनमें नेतृत्व की भावना जागृत करना अत्यंत आवश्यक है। यदि बेटियों में नेतृत्व की भावना विकसित होगी तो वे शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनकर स्वाबलम्बी व आत्मनिर्भर होंगी।

रैली के माध्यम से महिला/बालिकाओं की सुरक्षा के उपाय, एवं उनके विरुद्ध कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर अपराध, और अन्य बाल अपराधों के विषय में जानकारी दी गयी।

महिलायें/बालिकायें किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़ अथवा साइबर अपराध की शिकार होती हैं तो तत्काल शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय पर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके साथ ही उन्हें आत्मविश्वास के साथ समाज में अपनी भागीदारी निभाने और शिक्षा एवं रोजगार में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर किया गया उन्हें यह विश्वास दिलाया कि वे कभी भी किसी असामान्य तथा असहज स्थिति का सामना करें, तो निडर होकर अपने माता-पिता, शिक्षकों या नजदीकी पुलिस अधिकारी को बताएं इसके साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 के विषय में जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करना तथा एक सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण का निर्माण करना।

"जालौन पुलिस का मिशन शक्ति अभियान लगातार जारी है।"

"जालौन पुलिस महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु 24*7 प्रतिबद्ध है।"